दिनांक : 14.03.2024 समय :07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- मंत्रिपरिषद की बैठक में चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना सहित कई प्रस्तावों को मिली स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री ने पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा और पीएमश्री धार्मिक पर्यटक हेली सेवा का किया शुभारंभ।
- बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में 1 लाख 24 हजार बच्चों का हुआ निशुल्क प्रवेश।
- मुख्यमंत्री ने की प्रदेश के महाविद्यालयों के छात्रों को बस सुविधा देने की घोषणा।

अब समाचार विस्तार सेः–

## मंत्रिमंडल निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज आयोजित मंत्रि-परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना" को विस्तारित कर "प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना" नाम से लागू करने की स्वीकृति दी गई। मंत्रिपरिषद ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिये 24 हजार 293 करोड़ 24 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दमोह, सागर, दतिया एवं बेतवा बेसिन के विदिशा, शिवपुरी, रायसेन जिले के सूखा प्रभावित 6,57,364 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई एवं लगभग 44 लाख आबादी को पेयजल सुविधा मिलेगी। मंत्रि-परिषद ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना की स्वीकृति दी है। इससे प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र का समग्र विकास सम्भव हो सकेगा। प्राधिकरण के लिये 20 करोड़ रूपये की राशि की स्वीकृति की गई है। लोक निर्माण विभाग एवं नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के बीच रोपवे के विकास के लिए हुए समझौता ज्ञापन (MoU) का अनुमोदन किया। प्रथम चरण में रेल्वे स्टेशन से महाकाल मंदिर, उज्जैन, टिकिटोरिया माता मंदिर (सागर) फनीकुलर, एम्पायर स्टेडियम से गुरुदारा, जबलपुर एवं सिविक सेंटर से बलदेवबाग, जबलपुर को स्वीकृति मिली है। विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स को राज्य शासन के पेंशनर्स की भांति सातवें वेतनमान के अनुरूप पेंशन की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई।

## मुख्यमंत्री सौ दिन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन के प्रथम तीन माह वित्तीय दृष्टि से

उपलब्धि पूर्ण रहे हैं। तमाम अटकलों के बावजूद राज्य शासन द्वारा कोई भी योजना बंद नहीं की गई है। राजस्व और पूंजीगत व्यय की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य शासन के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण से जुड़े विभागों से अपेक्षा की कि वे इस वर्ष के वित्तीय लक्ष्य तथा प्रथम तिमाही के लक्ष्य को प्राप्त कर उपलब्धि दर्ज कराएं।

हेली सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा तथा पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का भोपाल में  शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर से महाकालेश्वर तथा ममलेश्वर (ओंकारेश्वर) के लिए हवाई सेवा के बाद दतिया, मैहर, ओरछा आदि के लिये हेलिकॉप्टर सेवा आरंभ की जाएगी। पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण अन्य स्थान जैसे कान्हा, बांधवगढ़ तक वायु सेवा का विस्तार करने की भी योजना है।

पर्यटन विभाग के अनुसार दो माह के भीतर नियमित रूप से सेवाओं का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। 8 सीटर वाले विमान इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, खजुराहो के साथ-साथ अन्य छोटे हवाईअड्डों को भी जोड़ा जाएगा। इसी तरह पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के तहत एक ट्विन इंजन हेलीकॉप्टर भोपाल में तथा एक-एक सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर इंदौर तथा उज्जैन में होंगे। बुकिंग मध्यप्रदेश टूरिज्म के पोर्टल,  इत्यादि से ऑनलाइन की जा सकेगी।

पीएम स्वनिधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पीएम-स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी वालों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है। उन्होंने आज दिल्ली में पीएम स्वनिधि लाभार्थियों को संबोधित किया। श्री मोदी ने इस योजना के तहत एक लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण वितरित किये। उन्होंने कहा कि लोगों ने कोविड के दौरान रेहड़ी-पटरी वालों की ताकत देखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का स्वनिधि महोत्सव उन लोगों को समर्पित है जो हमेशा सबके आसपास रहते हैं और जिनके बिना लोग अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने रेहड़ी-पटरी वालों और सड़क किनारे दुकानदारों को समाज में उनके योगदान के लिए बधाई दी।

## स्कूल लॉटरी

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। श्री सिंह आज मंत्रालय में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत प्रायवेट स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का शुभांरभ करने के बाद जिला मुख्यालयों पर उपस्थित पालकों को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 30 जिलों के 33 लाख छात्रों को गणवेश की राशि के करीब 137 करोड़ रुपये बैंक खातों में अंतरित किए। इस अवसर पर विभाग के उल्लास कार्यक्रम के लिये एक मोबाइल एप की शुरूआत भी की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि इस वर्ष एक लाख 48 हजार बच्चों द्वारा आधार सत्यापन कर ऑनलाइन आवेदन जमा किये गये। दस्तावेज सत्यापन के बाद एक लाख 24 हजार 386 बच्चे पात्र पाये गये। इन बच्चों को इस वर्ष 23 मार्च तक अनिर्वाय रूप से प्रवेश दे दिया जायेगा।

## मुख्य्मंत्री खरगोन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खरगोन जिले में आयोजित कार्यक्रम में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन और गुना के क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय को डिजिटली लांच किया साथ ही पीपरी, बलकवाड़ा तथा चौंडी जामन्या माइक्रो उदवहन सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। इस अवसर मुख्यमंत्री  ने कहा कि निमाड़ के 5 जिले के छात्रों को अब पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। खरगोन के विश्वविद्यालय में ही छात्रों को सभी सुविधाएं मिलेंगी। यहां दो साल से कम समय में सभी प्रकार के कोर्स शुरू होंगे। एग्रीकल्चर की पढ़ाई भी इस विश्वविद्यालय और गुना के विश्वविद्यालय में प्रारंभ होगी। मुख्यमंत्रि ने प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बस की सुविधा देने की भी घोषणा की।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

कल 15 मार्च को "विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' प्रदेश में मनाया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति ए वं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत होंगे। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। दुनियाभर में 15 मार्च

का दिन विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य उपभोक्ता को उनके अधिकारों के बारे में बताना है। सीहोर जिले में इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र, छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा |

आई एण्ड बी-ओटीटी मंच

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्रियों वाले 18 ओटीटी मंचों को ब्लॉक कर दिया है। इन मंचों के साथ जुडे 19 वेबसाइटों, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया खातों पर देश में प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय मीडिया तथा मनोरंजन, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों से संबंधित डोमेन विशेषज्ञ और अन्य मंत्रालयों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अंतर्गत लिया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :—

- देवास में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नव मतदाता युवाओं का पंजीकरण एवं मेरा पहला वोट देश के लिए नेहरू युवा केन्द्र देवास द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- सीहोर जिले में जिला मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहरी बिजली उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए सीहोर में कल विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।
- बैतूल जिला कलेक्टर द्वारा जिले में गर्मी के दिनों में संभावित पेयजल समस्या को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

-------------------